हिन्दुस्तान
1936
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
रविवार
12 अक्तूबर 2025, बरेली

PAGE NO : 04BOTTOM

# एसआरएमएस में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। शनिवार को एसआरएमएस में फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट साइंस में इनोवेशन ड्राइवेन गवर्नेंस एंड ससटेनेबल डेवलपमेंट इन मॉडर्न इरा ऑफ एआई विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह संस्थापक एवं प्रबंध न्यासी देव मूर्ति के संरक्षण में हुआ। मुख्य अतिथि सुशील अग्रवाल संस्थापक व चेयरमैन, एवरो इंडिया लिमिटेड, विशिष्ट अतिथि प्रो. एहतिराम रजा जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय रहे।



एसआरएमएस में दो दिवसीय पांचवीं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का शनिवार को शुभारंभ हुआ।

प्रो. नसीम आबिदी होरायजन यूनिवर्सिटी, यूएई व डॉ. केपिंग ली तस्मानिया विश्वविद्यालय ने ऑनलाइन जुड़कर विचार साझा किए। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। विभागाध्यक्ष प्रो. अनुज कुमार ने संगोष्ठी की थीम की प्रासंगिकता रामायण व गीता के श्लोकों के माध्यम से स्पष्ट की।

मुख्य वक्ताओं ने नवाचार, तकनीकी समावेशन और एआई की भूमिका पर छात्रों को प्रेरित किया।

## पहले दिन 40 से अधिक शोधपत्र प्रस्तुत किए गए

चेयरमैन देव मूर्ति ने छात्रों को उद्योगोन्मुखी बनने का आह्वान किया। सदन को बताया कि शीघ्र ही वे छात्र हित में कुछ इंडस्ट्रियल यूनिट्स भी लगाने जा रहे हैं, जिससे छात्र स्टार्टअप लगाने से संबंधित ज्ञान प्राप्त करके देश को एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अपना योगदान दे सकें। पहले दिन चार तकनीकी सत्रों में 40 से अधिक शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। संगोष्ठी में एसआरएमएस ट्रस्ट और एवरो इंडिया लिमिटेड के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर हुए, जिससे छात्रों को इंटर्नशिप व प्लेसमेंट के अवसर मिलेंगे।